भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1815 का उत्तर

ट्रेनों में जैव-शौचालय लगाया जाना

1815. श्री अरुप चक्रवर्ती:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रेलगाड़ियों में जैव-शौचालय लगाने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे लक्ष्यों के अंतर्गत क्या प्रगति हुई है;
(ख) रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली कुल ट्रेनों की संख्या का ब्यौरा क्या है और कितनी ट्रेनों में जैव-शौचालय लगे हैं; और
(ग) ट्रेनों में जैव-शौचालय लगाने के लिए तय निधि का ब्यौरा क्या है और अब तक इस पर कितनी धनराशि खर्च की गई है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेल पटरियों पर मानव अपशिष्ट के प्रत्यक्ष निर्वहन को समाप्त करने के लिए, यात्री डिब्बों में मिशन मोड के तहत जैव-शौचालय की स्थापना की जा रही है।

30.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, जैव-शौचालयों की स्थापना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	लगाए गए जैव-शौचालयों की संख्या
2004-14	केवल 9,587
2014-25	3,59,247 (34 गुना से अधिक)

वर्तमान में, मेन लाइन के सभी यात्री सवारी डिब्बों के शौचालयों में जैव-शौचालय की व्यवस्था की गई है।

नए सवारी डिब्बों में जैव-शौचालय लगाने की लागत चल स्टॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत सवारी डिब्बों की विनिर्माण लागत में शामिल की जाती है।

****